# HIV-AIDS Awareness Competitions / Activities
## (Held on 23rd August /2024)
### "Theme:- "*HIV Prevention* "

रामपुर कॉलेज में एड्स के खिलाफ जागरूकता अभियान का आयोजन, विभिन्न प्रतियोगिताओं का चला दौर

## पोस्टर प्रेजेंटेशन में तनीषा व नारा लेखन में मोनिका फर्स्ट

हिमाचल दस्तक | रामपुर बुशहर

**गोविंद** वल्लभ पंत राजकीय महाविद्यालय रामपुर में रेड रिबन क्लब ने एकदिवसीय एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस जागरूकता शिविर की थीम एचआईवी प्रिवेंशन रही, जिसमें पोस्टर प्रेजेंटेशन, नारा लेखन और निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की।

सबसे पहले रेड रिबन की समन्वयक डॉ. शिवाली ठाकुर ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया, जिसके बाद इस जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में डॉ. अनीता कुमारी व प्रो. प्रियंका ने निर्णायक की भूमिका निभाई। रेड रिबन क्लब की समन्वयक डॉ. शिवाली ठाकुर ने छात्रों को एचआईवी एड्स के बारे में जागरूक किया और छात्रों से अपील की कि वे भी समाज में फैली एचआईवी एड्स से संबंधित भ्रांतियों को मिटाने में अपना योगदान दें। इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रेजेंटेशन में बीएससी तृतीय की छात्रा तनीषा ने

**कार्यक्रम में कॉलेज के प्रा. डॉ. पंकज बसोतिया ने की बतौर मुख्यअतिथि शिरकत**

पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र उज्ज्वल ने दूसरा व तीसरे स्थान पर बीए प्रथम की छात्रा अदिति मेहता रहीं।

नारा लेखन में बीएससी तृतीय की मोनिका ने पहला, बीएससी तृतीय की आशा ने दूसरा और बीए तृतीय की स्मिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, निबंध लेखन में बीएससी तृतीय के छात्र ऋतिक ने पहला स्थान झटका, जबकि बीएससी तृतीय की दिव्या ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि बीए द्वितीय की नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और आगे भी इसी तरह की प्रतियोगिताओं में अपनी हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। रेड रिबन क्लब के सदस्यों और सहकर्मी छात्रों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी पूर्ण भूमिका निभाई। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस भयावह बीमारी के कारणों और रोकथाम के प्रति जागरूक करना रहा।



CMYK

## पोस्टर प्रेजेंटेशन में तनीषा रहीं प्रथम



रामपुर कॉलेज में एचआईवी पर जागरूकता पोस्टर के साथ विद्यार्थी। संवाद

रामपुर बुशहर। गोविंद वल्लभ पंत राजकीय महाविद्यालय रामपुर में रेड रिबन क्लब ने शनिवार को एक दिवसीय एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में एचआईवी प्रिवेंशन थीम पर प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इसमें पोस्टर प्रेजेंटेशन, नारा लेखन और निबंध लेखन में विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई।

पोस्टर प्रेजेंटेशन में तनीषा ने पहला स्थान, उज्ज्वल ने दूसरा और अदिति मेहता ने तीसरे स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में मोनिका ने पहला, आशा ने दूसरा, स्मिता ने तीसरा स्थान प्राप्त निबंध लेखन में ऋतिक ने पहला, दिव्या ने दूसरा और नेहा ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ पंकज बसोतिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में डॉ. अनीता कुमारी और प्रो. प्रियंका ने निर्णायक की भूमिका निभाई। रेड रिबन क्लब की समन्वयक डॉ. शिवाली ठाकुर ने छात्रों को एचआईवी एड्स के बारे में जागरूक किया।

छात्रों से अपील की कि वह भी समाज में फैली एचआईवी एड्स से संबंधित भ्रांतियों को मिटाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस भयावह बीमारी के कारणों और रोकथाम के प्रति जागरूक करना है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पंकज बसोतिया ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और आगे भी इसी तरह की प्रतियोगिताओं में अपनी हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। संवाद

रामपुर कॉलेज में छात्रों को बताया एड्स एक घातक बीमारी

## पोस्टर प्रेजेंटेशन में तनीषा ने और नारा लेखन में मोनिका ने मारी बाजी

भास्कर न्यूज़ | रामपुर बुशहर




पीजी कॉलेज रामपुर में रेड रिबन क्लब द्वारा एक दिवसीय एचआईवी एड्स जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। इस जागरुकता शिविर का थीम एचआईवी प्रिवेंशन रहा। जिसमें पोस्टर प्रेजेंटेशन, नारा लेखन और निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सबसे पहले रेड रिबन की समन्वयक डॉ. शिवाली ठाकुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। जिसके बाद इस जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में डॉ. अनीता कुमारी व प्रो. प्रियंका ने निर्णायक की भूमिका निभाई। रेड रिबन क्लब की समन्वयक डॉ. शिवाली ठाकुर ने छात्रों को एचआईवी एड्स के बारे में जागरूक किया और छात्रों से अपील की कि वह भी समाज में फैली एचआईवी एड्स से संबंधित भ्रांतियों को मिटाने में अपना योगदान दें। इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रेजेंटेशन में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा तनीषा ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र उज्जवल ने दूसरा व तीसरे स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अदिति मेहता रहीं। नारा लेखन में बीएससी तृतीय वर्ष की मोनिका ने पहला, बीएससी तृतीय वर्ष की आशा ने दूसरा और बीए तृतीय वर्ष की स्मिता ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं निबंध लेखन में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र ऋतिक ने पहला स्थान झटका। जबकि बीएससी तृतीय वर्ष की दिव्या ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि बीए द्वितीय वर्ष की नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और आगे भी इसी तरह की प्रतियोगिताओं में अपनी हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस भयावह बीमारी के कारणों और रोकथाम के प्रति जागरूक करना रहा।

## HIV-AIDS Awareness Competitions / Activities
## (Held on 23rd August /2024)
















## HIV-AIDS Awareness Competitions / Activities
## (Held on 23rd August /2024)













**HIV-AIDS Awareness Competitions / Activities**
**(Held on 23rd August /2024)**







**HIV-AIDS Awareness Competitions / Activities**
**(Held on 23rd August /2024)**






## HIV-AIDS Awareness Competitions / Activities
## (Held on 23rd August /2024)



